तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 निगम कर रहा शहर के कमर्शियल क्षेत्र में रात्रिकालीन डोर टू डोर कचरा संग्रहण



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री के पास मिली बुजुर्ग की लाश, मचा हड़कंप

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चपले से एक बुजुर्ग की लाश मिलने का मामला सामने आया है। जहां पुट्ठा फैक्ट्री के समीप स्थित श्मशान घाट के पास, तालाब किनारे एक गड्ढे में एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने जब गड्ढे में शव देखा, तो यह खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती मृतक की पहचान करना था। जांच के दौरान मृतक की पहचान अघोरीराम बघेल के रूप में हुई है, जो टुन्ड्री, बाड़ादरहा के निवासी थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था और वे पिछले एक माह से घर से लापता थे। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह आकस्मिक मृत्यु है, आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य संदिग्ध कारण है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

### बिसरा में सरकारी भूमि पर माफियाओं की नजर

**राउरकेला।** राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिए हैं। वहीं बिसरा में सरकारी भूमि पर कब्जा किये जाने पर प्रशासन की चुप्पी और तहसीलदार की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है, जिस पर बड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। बिसरा प्रखंड के बिसरा पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। अग्निशमन विभाग कार्यालय के समीप स्थित बहुमूल्य सरकारी भूमि पर बीते एक सप्ताह के भीतर असामाजिक तत्वों और भूमाफियाओं द्वारा कब्जा जमाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रेटर बिसरा के नाम से पहचाने जाने वाले इस इलाके में करीब चार एकड़ सरकारी जमीन पर घेराबंदी कर निजी संपत्ति के रूप में उपयोग की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार अग्निशमन विभाग को जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे स्थित इस सरकारी जमीन को भूमाफिया खुलेआम लगभग एक लाख रुपये प्रति डिसमिल की दर से बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी खुली अवैध गतिविधियों के बावजूद बिसरा तहसील विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि तहसील कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से ही सरकारी जमीन पर कब्जा संभव हो पाया है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने इसी जमीन पर सामुदायिक भवन कम्युनिटी हॉल तथा बच्चों और युवाओं के लिए फिटनेस पार्क के निर्माण की योजना बनाई है।

## फरवरी तक एक लाख से अधिक घरों में स्मार्ट मीटर लगाना विभाग के लिए चुनौती

# अब तक 50 फीसदी घरों में भी नहीं लग सका स्मार्ट मीटर, कैसे शुरू होगा प्रीपेड सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विद्युत विभाग के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम कछुआ गति से चल रहा है। पिछले डेढ़ सालों के बाद भी अब तक जिले के 50 फीसदी घरों में अब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सका है। जबकि अगले साल मार्च के महीने से प्रीपेड़ सिस्टम को शुरू किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऐसे में विभाग के पास गिनती के बस 50 दिन ही बाकी रह गए हैं और इतनें दिनों में 1 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाना किसी चुनौती से कम नहीं है। ज्ञात है कि जिले में बिजली व्यवस्था में कसावट लाने व बिजली बिल की चोरी में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम अगस्त 2024 से चल रहा है। वर्तमान में डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी जिले के सभी घरों में स्मार्ट मीटर अब तक नहीं लगाया जा सका है। विभाग के द्वारा जिले में कछुआ गति से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले साल भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा हो पाना संभव नहीं है।



जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। अगले साल प्रीपेड सिस्टम की शुरूआत कर दी जाएगी। कुछ इलाकों में समस्याएं आ रही है जिस वजह से देरी हो रही है।

**रामकुमार राव**
ईई बिजली विभाग

### जनवरी माह से मिलेगा हाफ योजना का लाभ

दिसबंर माह में बिजली खपत की गणना के बाद जनवरी में बिजली उपभोक्ताओं को जो बिल आएगा उसमें बिजली बिल हाफ योजना का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। 200 यूनिट तक ही छूट उपभोक्ताओं को प्राप्त होगा इससे ज्यादा खपत होने पर उपभोक्ताओं को पूरा बिल देना होगा।

### 65 हजार घरों में लग सका स्मार्ट मीटर

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य इस साल के अंत तक पूरा करना था, जिसके बाद अगले साल मार्च के माह से प्रीपेड सिस्टम शुरू करना था। जिले मे कुल 1 लाख 83 हजार 534 उपभोक्ता हैं जिसके यहां स्मार्ट मीटर लगना था, लेकिन अब तक सिर्फ 65 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा सका है। वहीं शासकीय कार्यालयों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिले के कुल 11 हजार 669 शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है, जिसमें से अब तक 4 हजार 181 कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है।

### जहां स्मार्ट मीटर लगा वहां ज्यादा बिल की शिकायत

जिले के जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है, वहां के उपभोक्ताओं की लाइन हर रोज बिजली विभाग के दफ्तर में देखने को मिल रही है। हर रोज कई उपभोक्ता ज्यादा बिजली बिल की शिकायत लेकर विभाग पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से पहले उनका बिल कम आता था और जैसे ही स्मार्ट मीटर लग गया उनके बिजली बिल में बढ़ोत्तरी हो गई है। वहीं इस मामले में विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले जिन लोगों के मीटर में फॉल्ट था या जिनके बिल पेंडिंग थे सिर्फ उन्हीं लोगों का बिल बढ़ कर आ रहा है।

### 18.200 लीटर महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के निर्माणए भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने थाना तमनार अंतर्गत ग्राम लालपुर में अवैध महुआ शराब की बड़ी खेप जप्त की है। आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 19 दिसम्बर को आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने ग्राम लालपुर निवासी हीरालाल कालंगाए पिता रामलाल कालंगा के कब्जे से कुल 18.200 लीटर महुआ शराब बरामद की। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3,640 रुपए आंका गया है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34, 2 एवं 59, क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## रायगढ़ ट्रक मालिक संघ की हड़ताल लगातार छठवें दिन भी जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के गाड़ी मालिकों के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा, जिसमें रायगढ़ जिला यूनियन के गाड़ी मालिक 6 दिनों से संबलपुरी के पास हड़ताल में बैठे है। कोल परिवहन कर रही ट्रेलर वाहनों को लेकर एक बार फिर ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्टरों के बीच तकरार देखनें को मिल रही है।

पूर्व में हुए समझौते को दरकिनार करते हुए ओडिशा के वाहन यूनियन द्वारा रायगढ़ की ट्रेलरों को ओडिशा में रोक दिया जाता है तथा वाहन चालकों से मारपीट भी की जाती है। इसको लेकर रायगढ़ ट्रेलर कल्याण मालिक संघ ने रविवार को हमीरपुर मार्ग पर धरना प्रदर्शन शुरू करते हुए ओड़िशा की गाडिय़ों को छत्तीसगढ़ प्रवेश पर रोक लगा दी है। वहीं इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। रायगढ़ जिले के अधिकांश फैक्ट्रियों में ओड़िशा से कोयला आता है। ओड़िशा के सुन्दरगढ़ जिला अंतर्गत कुलडा, गारगनबहाल एवं मनोहरपुर से ओड़िशा के अलावा रायगढ़ के ट्रांसपोर्टरों की भी गाडिय़ां कोयला परिवहन करती हैं।

### दो सौ से अधिक गाडियों को रखा गया है रोककर

दो वर्ष पूर्व ओड़िशा के ट्रांसपोर्टरों द्वारा रायगढ़ जिले के ट्रेलर को लोडिंग नहीं करने देने पर रायगढ़ ट्रेलर मालिक कल्याण संघ द्वारा हड़ताल की गई थी। इस पर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की थी जिसमें यह बात तय हुई थी कि ओड़िशा क्षेत्र की 40 प्रतिशत गाडिय़ों को लोडिंग दी जाएगी। इसकी अवहेलना करते हुए वर्तमान में रायगढ़ की लगभग दो सौ गाडिय़ों को रोक कर रखा गया है। इसी से नाराज ट्रेलर यूनियन ने जिले में भी ओडिशा की गाडियों के एंट्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर विगत पांच दिनों से संबलपुरी के पास हड़ताल पर बैठे हैं।

### बंडामुंडा आरपीएफ थाना प्रभारी सस्पेंड

**राउरकेला।** चक्रधरपुर रेल मंडल में भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में आरपीएफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए तत्कालीन बंडामुंडा आरपीएफ थाना प्रभारी अरुण कुमार टोकास को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बीते अक्टूबर माह में कूड़ा बीनने वाली एक महिला से 15 हजार रुपये रिश्वत वसूली के मामले में की गई है। निलंबन आदेश चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीएससी पी शंकर कुट्टी द्वारा जारी किया गया। गौरतलब है कि 10 अक्टूबर को सीबीआई ने बंडामुंडा आरपीएफ पोस्ट में पदस्थ जवान मोहम्मद असरार को राउरकेला में महिला से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने मामले की गहन जांच शुरू की, जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी अरुण कुमार टोकास की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई।

## तालाब में डूबने से हाथी शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ में पानी में डूबने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है, मामला रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बंगुरसिया सर्किल के बडझरिया गांव के तालाब में शुक्रवार की शाम नहाने के दौरान एक हाथी के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। शावक की उम्र 6 माह बताई जा रही है। इस घटना के बाद कुछ हाथी तालाब के पास चिंघाड़ते सुनाई दिए। हाथियों की आवाज सुनकर गांव के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वे पहले मौके पर पहुंचे और उन्होंने वन विभाग की टीम को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में करीब 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा था, इसी दल में से एक हाथी के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हुई है। हाथी के बच्चे की मौत होने के बाद हाथियों ने ही तालाब से शव को बाहर निकालकर सुबह जंगल की तरफ चले गए हैं। जिसके बाद ही वन विभाग की टीम ने मृत हाथी के बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### स्टेट ओपन सीनियर वॉलीबाल टूर्नामेंट के लिए ट्रायल 22 को

रायगढ़। जिला वॉलीबाल संघ रायगढ़ की वार्षिक बैठक विगत 17 दिसंबर को शाम स्थानीय कमला नेहरू उद्यान में संपन्न हुई जिसमें रायगढ़ जिले के वरिष्ठ एवं वर्तमान खिलाड़ियों समेत संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से आगामी सीनियर ओपन स्टेट टूर्नामेंट के लिए टीम तथा कोच, सहायक कोच, मैनेजर का चयन और खिलाड़ियों की आने जाने की व्यवस्था तथा स्पोर्ट्स किट की व्यवस्था आदि विषय के बारे में चर्चा सम्पन्न हुई तथा अगली बैठक का निर्णय लिया गया। आगामी 22 दिसंबर को शाम तीन बजे स्टेडियम में उपरोक्त टूर्नामेंट के लिए चयन संबंधित ट्रायल का आयोजन किया जाएगा जहां आगे की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी और संघ की नवीन



कार्यकारिणी संबंधित चर्चा भी उक्त बैठक में की जाएगी। उपरोक्त बैठक में संघ की ओर से सभी वरिष्ठ तथा वर्तमान खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को उपस्थित रहने के विषय के साथ ही बैठक को संपन्न किया गया। उपरोक्त जानकारी अमितेश गर्ग के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया गया है।

## आदिवासी जमीन पर कब्जा कर बता रहे अपना, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गांव की आदिवासी जमीन पर अन्य लोगों के द्वारा कब्जा कर उसे अपना बताया जा रहा है। वहीं साक्ष्य दिखाने पर लीज पर लेने की बात कही जाती है, जिससे परेशान होकर गांव के पंच के द्वारा कलेक्टर से शिकायत करते हुए इस तरह से जमीन हथियाने के तरीकों पर प्रतिबंध लगानें की मांग की गई है।

पूरा मामला रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत कांशीचुंआ का है, जहां के पंच पुनीराम चौहान ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया कि उनका गांव नेशनल हाईवे से लगा हुआ है। जब से गांव के पास नेशनल हाइवे क्रमांक 49 का कार्य प्रारंभ हुआ है तब से गांव में भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। भूमाफियाओं के द्वारा गांव के आदिवसी जमीन को अपने नाम पर सस्ते दामों में क्रय कर गोदनामा, लिज जैसे अधिकारों का उपयोग कर हथियानें का काम किया जा रहा है।



### ग्राम पंचायत की अनुमति भी नहीं ली गई

ज्ञात हो कि आदिवासी बहूल्य क्षेत्र में जमीनों की खरीद बिक्री करनें से पूर्व ग्राम पंचायत की अनुमति ली जाती है, लेकिन काशींचुंआ में जमीनों की खरीद बिक्री करने से पूर्व ग्राम पंचायत की अनुमति भी नहीं ली जा रही है। भू माफियाओं के द्वारा गांव की जमीन को दूसरे क्षेत्र के आदिवासी लोगों के नाम पर हस्तांतरण कर उसमें मिट्टी का पटाव कर उद्योग के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है, वहीं पूछताछ करने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि हमने जमीन को 90 वर्ष के लिए लीज पर लिया है। भू माफियाओं के द्वारा जमीन को हथियानें के लिए नए-नए तरकीब अपनाए जा रहे हैं। इसलिए कलेक्टर से पंच ने शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना के जोबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अगासमार से एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। अट्ठारह नाला पुल के पास गिट्टी से लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 60 वर्षीय बुजुर्ग महेश राम मांझी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक महेश राम मांझी ट्रैक्टर पर ही सवार थे, तभी चालक द्वारा वाहन को अत्यधिक लापरवाही और तेज गति से चलाने के कारण वे अपना संतुलन खो बैठे और सीधे ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गए। हादसे का शिकार हुए बुजुर्ग को संभलने का मौका तक नहीं मिला और ट्रैक्टर से कुचले जाने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर देहजरी



निवासी पंचूराम पटेल का है, जिसे अगासमार निवासी समारू राम चला रहा था। घटना के तत्काल बाद चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद वाहन चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही जोबी चौकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

## शिक्षा विभाग का आदेश छात्रों और शिक्षको का ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य

# स्मार्ट होगी शिक्षा व्यवस्था, अब ऑनलाइन होगी छात्रों की हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ने अहम कदम उठाया है। अब प्रदेश के सभी स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी करते हुए सभी जिलों को मोबाइल ऐप के माध्यम से अटेंडेंस दर्ज करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए



विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्ले स्टोर का लिंक भी विभाग द्वारा जारी किया गया है, ताकि सभी संबंधित अधिकारी और स्कूल आसानी से ऐप डाउनलोड कर सकें।बता दें की यह व्यवस्था पहले प्रदेश के 7 जिलों में लागू की गई थी,जहां इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं जिसके बाद अब इसे राज्य के शेष 26 जिलों में भी लागू करने का निर्णय लिया गया है।

### क्लास बंक करने वाले छात्र होंगे ट्रैक

ऑनलाइन हाजिरी की वजह से स्कूलों में कक्षा बंक करने वाले छात्रों को ट्रैक करना आसान हो जाएगा। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिती अनिवार्य कर दिया गया है, इससे कम उपस्थिती वाले छात्रों को परीक्षा में नहीं बैठनें दिए जानें के निर्देश दिए गए है। ऑनलाइन हाजिरी की वजह से कम उपस्थिती वाले छात्रों को ट्रैक करना आसान हो जाएगा और उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### अलग से होनी चाहिए व्यवस्था

ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शासन की ओर से शिक्षकों को किसी प्रकार का डिवाइस नहीं दिया गया है। इसलिए इस नई व्यवस्था को लेकर छात्र हिचकिचा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि पहले ही सभी शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किया गया था, इसको अपने ही मोबाइल से करते हैं और अब छात्रों के लिए भी अपने ही मोबाइल का प्रयोग करना पड़ेगा। जिस दिन कक्षा शिक्षक नहीं आए तो उस दिन हाजिरी नहीं हो पाएगी, इसके लिए स्कूलों में अलग से कोई व्यवस्था होनी चाहिए।

### दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 23 को

**रायगढ़।** मूकबधिर एवं श्रवणबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्सए रायपुर में आयोजित होगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पिकिंग एवं शॉर्टिंग जैसे कार्य करने होंगे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क चढ़ी क्रशर उद्योग के ओवरलोड वाहनों की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

बेलगाम दौड़ने वाले क्रेशर उद्योग के ओवरलोड वाहनों से गांव नौघटा के लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ से इसकी शिकायत की है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनाने वाली सड़क ग्रामीण एवं आमजन के आवागमन की सुविधा के उद्देश्य से निर्माण किया जाता है। जिसमें हल्के वाहन जिनके अधिकतम भार क्षमता 10 से 12 टन के होते हैं। ऐसे वाहनों की अनुमति प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में होती है, लेकिन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया तहसील के ग्राम कटंगपाली से नौघटा मार्ग पर बिना अनुमति क्रेशर उद्योग के भारी वाहन इस रोड में बेधड़क दौड़ रहे हैं। ओवरलोड वाहन में 28 से 40 टन की क्षमता वाली भारी वाहन चलने से प्रधानमंत्री सड़क की ऐसी दुर्दशा हुई की अब यह कच्ची सड़क में तब्दील हो गया है। पहले यह सड़क डामर से पक्की सड़क बना था। अब इस सड़क में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कहीं पर भी डामर के नामोनिशान नहीं है। ऐसा दुरूपयोग हुआ कि मिट्टी व क्रेशर के डस्ट उड़ रहे हैं। संकीर्ण मार्ग में दो.दो भारी वाहन ऐसे चल रहें हैं कि ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोडिंग से सड़क पूरी तरह से मिट्टी डस्ट की सड़क में तब्दील हो गया है।





जिससे नागरिकों को असुविधा हो रहा है। सड़क की गुणवत्ता और आम जनता की सुरक्षा से जुड़े मामले होने पर तत्काल कार्यवाही की मांग ग्रामीणों ने की है। इसके लिए कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को दिए गए आवेदन में ग्राम नौघटा के वाशिंदों ने लिखा है कि सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कटंगपाली से नौघटा की दूरी 4 किलोमीटर की है। यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया गया। परंतु उक्त मार्ग का उपयोग व्यवसाययों द्वारा अपने माल परिवहन हेतु उपयोग किया जा रहा है। इस मार्ग में प्रतिदिन भारी वाहन जिसमें ट्रेलरए डंपर एडाला बॉडी, जिसमें 28 से 40 टन माल का परिवहन आम बात है। जबकि उक्त सड़क की परिवहन क्षमता 12 टन तक का है। इस क्षेत्र में क्रेशर उद्योग हरि ओम मिनरल्स, पुष्पा मिनरल्स, मां बंजारी क्रेशर, गंगा मिनरल्स, बिंदल मिनरल्स, बालाजी माइन्स एंड मिनरल्स एवं अन्य उद्योग संचालित है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में लिखा है कि उक्त उद्योगों से उत्पादित सामग्रियों का परिवहन भारी मात्रा में होता है। जिसे सैकड़ो भारी वाहनों का आवागम प्रतिदिन होता है। इसके अतिरिक्त डंपरों से गिट्टी एवं पत्थरों का भी परिवहन होता है। इनकी भी संख्या सैकड़ो में होता है।ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि यह मार्ग अतिव्यस्तम मार्ग बन गया है। शालेय विद्यार्थियों का भी आना जाना इसी मार्ग से अपने स्कूल एवं घर के लिए आने जाने के लिए होता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को भी आने जाने में परेशानी होती है। कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। बच्चे भय के माहौल में आना जाना करते हैं। उक्त मार्ग एक वर्ष में ही अत्यंत से जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीण ने मांग किया है कि उक्त मार्ग में भारी वाहनों एवं ओवरलोड का परिवहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए जाएं। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन की प्रतिलिपि ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को भी प्रेषित किया है। आवेदन देने वालों में प्रमुख रूप से देवनाथ पटेल, दीपक पटेल, गणेश राम पटेल, दिनेश्वर पटेल अन्य ग्रामीण शामिल है। गांव के जागरूक नागरिक देवनाथ पटेल ने मांग किया है कि कटंगपाली के पास नौघटा जाने के मुख्य मार्ग द्वार पर इन ट्रैकों को रोकने के लिए लोहे के एंगल लगानी चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को कहा है कि यदि शीघ्र ही उचित कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्राम नौघटा के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश वैष्णव ने जिला कलेक्टर महोदय से मांग किया है कि एक बार उन्हें कटंगपाली नौघटा क्षेत्र का दौरा कर वस्तुस्थिति की जानकारी लें ताकि उद्योगों की मनमानी का पता चल सके।

## धान उपार्जन की प्रगति और केंद्रों की व्यवस्थाओं का लिया गहन जायजा

# कलेक्टर ने घरघोड़ा और धरमजयगढ़ में धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज शुक्रवार को जिले के सुदूर वनाचल क्षेत्र धरमजयगढ़ विकासखंड के कटाईपाली.सी और घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम.टेण्डा नवापारा में संचालित धान खरीदी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने इस दौरान समर्थन मूल्य में धान बेचने आए क्षेत्र के किसानों से संवाद किया और उन्हें धान बेचने में मिल रही सुविधाएं और किसानों को रही परेशानियों के संबंध में विस्तार से चर्चा भी की। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी नीति के तहत स्थापित केंद्रों पर उपार्जन की प्रगति, तौल व्यवस्था, नमी मापक यंत्र, बारदाना की उपलब्धता, भुगतान की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस बात का विशेष निर्देश दिया कि वे धान खरीदी प्रक्रिया को अधिक कुशल, पारदर्शी और किसानों के अनुकूल बनाएं। प्रशासन किसानों की सुविधा और उनके हित में पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और



धान उपार्जन केंद्रों पर किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने धान बेचने आए किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को सुना। उन्होंने किसानों से टोकन कटने की प्रक्रिया, धान उपार्जन के दौरान मिलने वाली सुविधाओं और भुगतान की समय सीमा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने किसानों को कहा कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से ध्यान देने को कहा कि धान उपार्जन केंद्रों में तौल व्यवस्था, नमी मापक यंत्रों की कार्यक्षमता, बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता और भुगतान प्रणाली पूरी तरह से समयबद्ध और पारदर्शी हो। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि धान खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और व्यवस्थित हो और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि केंद्रों पर किसानों के बैठने, प्रतीक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर स्तर पर किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लगातार सक्रिय रहेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को अवगत कराया गया कि उपार्जन केंद्र धरमजयगढ़ के कटाईपाली.सी में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 657 है। जिसमें आज दिनांक तक धान बेचने वाले कृषक की कुल संख्या 238 है, उपार्जित धान की मात्र 13332.80 क्विंटल, उठाव की मात्रा 4359.82 क्विंटल, उठाव हेतु शेष धान की मात्रा 8972.974 क्विंटल है। इसी तरह उपार्जन केंद्र घरघोड़ा के टेंडा नवापारा में कुल पंजीकृत कृषक.1034 है, जिसमें आज दिनांक तक धान बेचने वाले कृषक संख्या.247 है। उपार्जित धान की मात्र 14510.80 क्विंटल है। जिसमें 339.57 को भुगतान किया गया है। उठाव की मात्रा.4129.774 क्विंटल तथा उठाव हेतु शेष धान की मात्रा 10381.03 क्विं है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारीए समिति प्रबंधक, केंद्र कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री चौधरी की पहल से रायगढ़ को मिली बड़ी सौगात

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में रायगढ़ जिले के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिया गया है। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के सतत प्रयासों से जिले में पावर कम्पनी के नए शहर संभाग तथा धरमजयगढ़ में नए संभाग की स्थापना के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और उपभोक्ता हितैषी बनाया जाएगा।

- रायगढ़ जिले में पावर कंपनी का नया शहर संभाग तथा धरमजयगढ़ में नय संभाग प्रारंभ करने का आदेश

छग विद्युत मंडल रायगढ़ के अधीक्षण अभियंता गुंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ शहर में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या और अधोसंरचना को देखते हुए लंबे समय से एक अलग शहर संभाग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्तमान में रायगढ़ शहर में लगभग 54 हजार निम्नदाब उपभोक्ता, 56 उच्चदाब विद्युत उपभोक्ता, 33/11 केव्ही के 17 उपकेंद्र, 1521 ट्रांसफार्मर एवं 232 किलोमीटर 11 केवी लाइन विद्यमान हैं। इतनी विशाल व्यवस्था का संचालन अब तक केवल दो जोन कार्यालयों के माध्यम से किया जा रहा था, जिससे उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण में विलंब होता था। इस मूलभूत समस्या को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वयं पहल कर जिले के नागरिकों के लिए विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु रायगढ़ में नए शहर संभाग तथा सुदूर वन क्षेत्र धरमजयगढ़ में नए संभाग की सौगात दी है। नए आदेश के अनुसार अब रायगढ़ शहर के लिए शहर संभाग की स्थापना के साथ साथ दो जोन के स्थान पर चार जोन प्रारंभ करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिससे रायगढ़ का शहरी क्षेत्र अब चार जोन में विभाजित हो जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप छोटे छोटे क्षेत्र होने से उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण में अब कम समय लगेगा। संसाधनों का विस्तार होने से विद्युत समस्याओं का त्वरित निराकरण भी संभव होगा। शहर संभाग गठित किए जाने से जोन कार्यालयों की कार्यप्रणाली पर सटीक निगरानी रखी जा सकेगी जिससे इनके कार्यों में कसावट आएगी। इसी क्रम में सुदूर वनांचल एवं तेजी से औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर धरमजयगढ़ में भी नया संभाग स्थापित करने के आदेश जारी किए गए हैं। अभी तक धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, कापू, हाटी सहित आसपास के क्षेत्रों का संचालन रायगढ़ स्थित संभागीय कार्यालय से किया जाता था, जिससे उपभोक्ताओं को छोटे छोटे कार्यों के लिए भी रायगढ़ आना पड़ता था। धरमजयगढ़ में संभागीय कार्यालय की स्थापना से अब स्थानीय उपभोक्ताओं को अपने विद्युत संबंधी कार्यों के लिए रायगढ़ नहीं आना पड़ेगा। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा क्षेत्रीय उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण संभव हो सकेगा। यह निर्णय धरमजयगढ़ अंचल के नागरिकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# नेशनल हेराल्ड मुद्दे को लेकर अंबेडकर चौक पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**राउरकेला।** नेशनल हेराल्ड मुद्दे को लेकर अंबेडकर चौक पर शनिवार 20 दिसंबर को राउरकेला के उदितनगर स्थित अंबेडकर चौक पर एक कांग्रेस की ओर से किया गया। यह प्रदर्शन सुबह 11.30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के बीच नेशनल हेराल्ड प्रकरण को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और इसे लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं संवैधानिक मूल्यों से जोड़ते हुए चर्चा की। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर जनजागरूकता आवश्यक हैए ताकि आम जनता तक सही जानकारी पहुंच सके। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी डीसीसी राउरकेला की ओर से किया गया था। डीसीसी अध्यक्ष साबिर हुसैन ने कार्यक्रम के माध्यम से मीडिया एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर



जरूरी है। हेराल्ड से जुड़े मुद्दे को लेकर शुक्रवार, 20 दिसंबर 2025 को राउरकेला के उदितनगर स्थित अंबेडकर चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोग एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय हेराल्ड प्रकरण को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और इसे लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं संवैधानिक मूल्यों से जोड़ते हुए चर्चा की। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर जनजागरूकता आवश्यक है, ताकि आम जनता तक सही जानकारी पहुंच सके। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी डीसीसी राउरकेला की ओर से किया गया था। डीसीसी अध्यक्ष साबिर हुसैन ने कार्यक्रम के माध्यम से मीडिया एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर जरूरी है।

## विस्थापित दुकानदारों में पुनर्वास की उम्मीद जगी

**राउरकेला।** शहर के रिहायशी इलाके कोयलनगर बी एवं सी ब्लॉक के 26 दुकानदारों के लंबे संघर्ष का आखिरकार सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वर्ष 2010 में पुनर्वास योजना के तहत शीघ्र नई दुकानें उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर उनकी दुकानें तोड़ दी गई थींए लेकिन वर्षों तक राउरकेला महानगर निगम के चक्कर काटने के बावजूद उन्हें कुछ भी हासिल नहीं हुआ। खुद को ठगा महसूस कर दुकानदारों ने अंततः न्यायालय की शरण ली। वर्ष 2015 में 26 दुकानदारों ने मुख्य न्यायालय में मामला दायर किया। लगभग आठ वर्षों की लंबी सुनवाई और संघर्ष के बाद न्यायालय ने दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राउरकेला महानगर निगम को आदेश दिया कि तोड़ी गई दुकानों के बदले सभी 26 दुकानदारों को नई दुकानें आवंटित की जाएं। हालांकि वर्ष 2023 में आदेश मिलने के बावजूद तत्कालीन एडीएम व नगर आयुक्त डॉ शुभंकर महापात्र ने इसे नजरअंदाज करते हुए केवल आश्वासन ही दिए।

# जनपद सदस्य जाटवर ने समाज को जोड़ने का दिया संदेश



**कोसीर।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय के कोसीर अंचल की सामाजिक कार्यकर्ता सारंगढ़ जनपद सदस्य श्रीमती हीराभैरव नाथ जाटवर ने सामाजिक सौहार्दता से ओत प्रोत होकर अपने सारंगढ़ जनपद क्षेत्र के कोसीर को अपने कर्मभूमि मानते हुए पिछले एक दशक से सामाजिक कार्य करते हुए जनपद सदस्य हैं।

वे नारी सशक्तिकरण की एक उदाहरण देते हुए अपने समाज के लिए जनपद सदस्य बनने पर घोषणा की थी कि अपने मानदेय की 20 प्रतिशत सीधा समाज के लिए दूंगी । यह घोषणा अन्य घोषणाओं से हटकर है पर समाज उत्थान के लिए मायने रखती है ।उनकी साकारात्मक सोच समाज के लिए एक नई पहल है। यह समाज के लिए एक नई सोच के लिए घोषणा किया गया था। 18 दिसंबर को संत गुरुघासी दास की जयंती समारोह कार्यक्रम में अपने घोषणा के अनुरूप मूर्त रूप देते हुए सारंगढ़ सतनामी विकास परिषद के अध्यक्ष की उपस्थिति में मंच में 12 हजार रुपए देकर लोगों में आत्मविश्वास का और समाज को साकारात्मक सोच के लिए संदेश दिया है।

# घरघोड़ा में शोभायात्रा के साथ गुरु घासी दास जयंती का ऐतिहासिक आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में 18 दिसंबर को परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती घरघोड़ा नगर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाई गई। यह आयोजन प्रगतिशील सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम की शुरुआत बालक बालिकाओं द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों एवं युवतियों ने भाग लेकर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इसके पश्चात भव्य शोभा यात्रा हाई स्कूल चौक से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक होते हुए डॉ.अम्बेडकर चौक में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां, पंथी नृत्य एवं विशाल जनसमूह ने आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। झांकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार फगुरम एवं द्वितीय पुरस्कार नवागढ़ को प्रदान किया गया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रीना बंसे, द्वितीय पुरस्कार सीतल लहरे तथा तृतीय पुरस्कार रिंकी बसे ने प्राप्त किया। शोभा यात्रा के पश्चात जैतखाम में विधिवत ध्वजारोहण किया गया, जिसमें जगदीश बसे एवं सुमित खुंटे को ध्वज चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंचीय कार्यक्रम का



आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया की धर्मपत्नी श्रीमती निंद्रावती राठिया एवं विजय डनसेना अम्बिका सोनवानी पिंगल बघेल उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथियों में अंकित चौधरी, सतनामी साहब धर्मपत्नी सहित, पूर्व बीडीसी लता खुंटे, पार्षद विमला जोल्हेए पार्षद संजय डोंडे, प्रगतिशील सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष अकबर कुर्रे, समाजसेवी बीआर खरबंदे, गंगाधर लहरे, गोविंद जोल्हे एवं सतनामी समाज नगर अध्यक्ष उमेश लहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में सत्यलोक कला मंच, आसना विज्ञान, बाराद्वार से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी सुनील जोल्हे द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई। इस अवसर पर प्रगतिशील सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष जने कुर्रे ने बताया कि जयंती आयोजन की तैयारी सभी युवा साथियों द्वारा विगत 20-25 दिनों से की जा रही थी। गुरु घासीदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय युवा साथियों की विशेष भूमिका रही, जिनमें प्रमुख रूप से युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष जने कुर्रे, उपाध्यक्ष अमृत खांडे पार्षद संजय डोंडे, संपत कुर्रे, भरत खांडे, मेगी लहरे, दीपक, जॉन्टी, कमलेश कुमार, सुमित, अंकित, दिवाकर, प्रीतम, चन्द्रविजय, सूरज, अभिषेक, मोहनीश, अभिताभ अंशु, अजिताभ, सुनील, नीरज, भीमा, आशीष, अनुज, विभाष, राजेंद्र, संजय, पिंटू बंसे, कुलदीप बंसे, जगत बंसे, प्रमोद बंसे, विशाल बंसे, बद्री निराला, संत्रिका सोनवानी, प्रीतम,सूर्या, जागेश्वर कुर्रे, प्रियांशु, प्रदीप एवं महेश बंसे, लखन बंसे, शिवम लहरे, दिलीप बंसे, राकेश खांडे, सुमित खांडे, करन खटकर, हेमेंद्र लहरे एवं प्रकाश शामिल रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म व गर्भवती बनाने के जुर्म में आरोपी गिरफ्तार

**बीरमित्रपुर।** सोशल मीडिया पर सम्पर्क के बाद किशोर वय की लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर उससे बलात्कार तथा ब्लैक मेल कर अवैध संबंध बनाए रखने से पांच माह को गर्भवती पीड़िता की शिकायत पर बीरमित्रपुर पुलिस ने एक युवक को पोस्को एक्ट में गिरफ्तार किया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार 23 वर्षीय कुलदीप हांसदा जो भद्रपुर गांव का बाशिंदा है ने सोशल मीडिया पर सम्पर्क के बाद एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इस बात का खुलासा तब हुआ जब लड़की एक दिन सर दर्द का इलाज कराने हॉस्पिटल गई। डॉक्टर ने लड़की के गर्भवती होने की बात उसके घरवालों को बताया। लड़की ने भी कुलदीप से 5 महीने पहले जबरन संबंध बनाने की बात स्वीकार की। उसके द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने कुलदीप के खिलाफ केस नंबर 616 दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया तथा कोर्ट चालान किया है। आईआईसी राम प्रसाद नाग के आदेश पर एस आई निरुपमा मोहपात्रा तथा एस आई प्रदीप साहू घटना की जांच कर रहे है। मेडिकल टेस्ट के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी लारा ने बुजुर्गों को बांटे कंबल



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने 19 दिसंबर को अपने कनेक्टिंग सोसाइटी प्रोग्राम के तहत एक दिल को छू लेने वाली पहल की, जिससे प्रोजेक्ट से प्रभावित गांवों के बुज़ुर्ग नागरिकों और किसानों की ज़िंदगी में बदलाव आया। इस इवेंट में बुज़ुर्गों को कंबल और किसानों को बीज किट बांटे गए, जो कम्युनिटी की भलाई और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए एनटीपीसी लारा के कमिटमेंट को दिखाता है। यह इवेंट जाने-माने मेहमानों की मौजूदगी में ऑर्गनाइज़ किया गया, जिसमें अनिल कुमार, श्रीमती अनुराधा शर्मा, जाकिर खान और प्रेरिता महिला समिति के दूसरे सीनियर सदस्य शामिल थे। यह इवेंट एनटीपीसीलारा की सोशल ज़िम्मेदारी के प्रति लगन का सबूत था। इस इवेंट से 200 से ज़्यादा लोगों को फ़ायदा हुआ। कंबल बांटने से बुज़ुर्गों को प्यार मिला, जबकि बीज किट ने किसानों को अपनी ज़मीन की देखभाल करने और बेहतर भविष्य के लिए फसल उगाने में मदद की। एग्रीकल्चर साइंटिस्ट ने मॉडर्न खेती पर लेक्चर दिया और सस्टेनेबल ग्रोथ बनाए रखने के लिए ऑर्गेनिक खेती के फ़ायदों के बारे में बताया। एनटीपीसीलारा की कनेक्टिंग सोसाइटी पहल कम्युनिटी डेवलपमेंट के लिए ऑर्गनाइज़ेशन के होलिस्टिक अप्रोच को दिखाती है। कमज़ोर ग्रुप्स की ज़रूरतों को पूरा करके और सस्टेनेबल तरीकों को बढ़ावा देकर, एनटीपीसीलारा अपने आस-पास के लोगों की ज़िंदगी पर पॉज़िटिव असर डालना जारी रखे हुए है।

### ठंड से राहत पहुंचाने 200 गरीबों में कंबल का वितरण

**राउरकेला।** शहर के मालगोदाम बसंती कलोनी जंक्शन पॉइंट के सर्व भौतिक आश्रम से सटे लक्ष्मी पूजा मंडप में मालगोदाम यूथ कमेटी ओर से से शनिवार दिन शाम चार बजे ठंड से बचाव के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर आये मुख्य अतिथि राउरकेला पुलिस कप्तान नितेश वाधवानी का फूल गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। एसपी नितेश वाधवानी ने बस्ती अंचल के 200 गरीबों को कंबल वितरण किया। 500 सौ कंबल बाटने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उदित नगरथाना प्रभारी डीए केए लाकरा उपस्थित हुए जिनका स्वागत फूल गुलदस्ता ओर अंग वस्त्र देकर किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मालगोदाम यूथ कमेटी के सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। पुलिस कप्तान नितेश वाधवानी यूथ कमेटी की पहल को सराहा ओर अन्य संगठनों के लिए अनुकरणीय बताया। मालगोदाम यूथ कमेटी एमवाईसी के सेवाभावी सदस्यों ने कंबल वितरण में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक सीताराम दत्ता ने इसकी जानकारी देते हुए बताया की आपसी सहयोग से यह सेवा शिविर लगा हैं, जिसमें लेपरोसी कलोनी, सरदार बस्ती गांधी बस्ती समेत आधा दर्जन बस्ती के गरीबों को सेवा प्रदान की गई। आगे भी यह सेवा जारी रहेगा।

### समाजसेवी मोंटू माली ने 24वीं बार किया रक्तदान

**चंद्रपुर।** नगर के समाजसेवी मोंटू माली ने एक बार फिर मानवता और सेवा भावना का परिचय देते हुए 24वीं बार रक्तदान किया। रायगढ़ जिला अस्पताल में थैलीसीमिया से पीड़ित 12 वर्षीय बच्चे को व रक्त की



आवश्यकता की सूचना मिलते ही वे तुरंत सहायता के लिए आगे आए। बताया गया कि बच्चे की हालत नाजुक थी और समय पर रक्त मिलना अत्यंत आवश्यक था। सूचना प्राप्त होते ही मोंटू माली बिना विलंब रायगढ़ पहुंचे और रक्तदान कर बच्चे के उपचार में अहम योगदान दिया। उनके इस प्रयास से बच्चे को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका। रक्तदान के पश्चात मोंटू माली ने कहा कि समाजसेवा ही उनका उद्देश्य है और जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होगी, वे हरसंभव मदद करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से भी रक्तदान को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस सराहनीय कार्य पर नगर के चंद्रशेखर मालवीय तिलेश माली दीपेश बाबू सरोज यादव प्रभात अग्रवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### अपना पाप छुपाने सत्यमेव जयते का नारा लगा रही कांग्रेस : सुमीत

**रायगढ़।** नेशनल हेरोल्ड मामले में न्यायालय की प्रतिक्रिया आने के बाद कांग्रेस द्वारा सत्यमेव जयते का नारा लगाते हुए कांग्रेस द्वारा जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किए जाने के संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए भाजयुमो के नए अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने कहा कांग्रेस अपना पाप



छुपाने के लिए सत्यमेव जयते का नारा लगा रही है। कांग्रेस द्वारा सत्यमेव जयते के नारा लगाए जाने पर युवा भाजपा नेता सुमीत शर्मा ने कहा नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली यही स्थिति कांग्रेस के साथ है। भूपेश सरकार के दौरान कांग्रेस द्वारा किए घोटाले के मामले में मंत्री सचिव कलेक्टर मुख्यमंत्री पुत्र सभी जेल की हवा खा रहे है। भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। सत्यमेव जयते का नारा लगाते हुए कांग्रेसियों को भूपेश सरकार का भ्रष्टाचार क्यों नहीं नजर नहीं आता। मुट्ठी भर कांग्रेसियों द्वारा आनन फानन में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज करा गांधी परिवार के प्रति अपनी निष्ठा जताने का यह प्रयास कुत्सित है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व और विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कुशल वित्तीय प्रबंधन से छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के नित नए सोपान तय कर रहा है इसे देख कांग्रेस बौखला गई है और बेवजह ओछी राजनीति कर रही है । यही वजह है कि आम जनता का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है।

## खबर संक्षेप

### लोहाखान में एनटीपीसी द्वारा बनाई गई पानी टंकी में एक बूंद पानी नहीं



**पुसौर।** एनटीपीसी लारा ने कुछ साल पहले अपने क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में वहां के लोगों के मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए पेयजल जैसे जरूरी आवश्यकता को मुहैया कराने के लिए क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में विशाल पानी टंकी निर्माण व पाइप विस्तार के साथ नलकुप खनन की व्यवस्था दी, जो कुछ ग्रामों में ही चल रहा है। शेष ग्रामों के पानी टंकी अब दरकने लगे हैं। साथ ही नलकूप बंद होने व पाइप लाइन उखड़ने की बात भी कही जा रही है। इस तथ्य पर ग्राम लोहाखान के युवा सरपंच राजू सिदार ने बताया कि हमारे ग्राम में जब से एनटीपीसी लारा द्वारा पेयजल के लिए पानी टंकी, नलकूप खनन व पाइप विस्तार कार्य को संपन्न किया है तब से आज 6 साल हो गए इस व्यवस्था से लोहाखान ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी नहीं मिला है। चूंकि निर्माण कार्य ही ऐसे ढंग से हुआ है कि वहां न नलकूप चला और न पानी टंकी में पानी भरा जा सका और नहीं पाइप के जरिए लोगों के घरों में पानी पहुंची। इस संबंध में इन्होंने बताया कि इसके लिए एनटीपीसी लारा को पूर्व सरपंच द्वारा भी पत्र व्यवहार कर इसे प्रारंभ करने का आवेदन प्रस्तुत किया था और मैने भी इसके लिये आवेदन किया था लेकिन आज साल भर हो गए यह प्रारंभ नहीं हो पाया है।

### किरोड़ीमल के सीएमओ देवेन्द्र को पुसौर का अतिरिक्त प्रभार

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में पदस्थ सीएमओ ललित साहू के अवकाश में रहने पर शासन द्वारा किरोडीमल नगर पंचायत के सीएमओ देवेन्द्र सिंह को प्रभार दिया



गया है। जिसमें इन्होंने बीते शुक्रवार को नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में आमदगी दर्ज करते हुए यहां के शासकीय कार्यो का संचालन करना आरंभ कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कुछ समय पहले भी यहां ये पदस्थ रहे इसलिए पुसौर इनके लिए कोई नई जगह नहीं है इनके हंसमुख व्यक्तित्व व मिलनसार व्यवहार होने के कारण सभी स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि आपस में घुल मिल गए हैं और नगर पंचायत के कार्यो को आगे बढा रहे हैं। स्वच्छ पेय जल की स्थाई सुविधा के सबंध में इन्हें पुछे गए सवाल पर इन्होंने कहा कि शासन का जैसा दिशा निर्देश होता है उसी के समीचीन काम करना पड़ता है। इन्होंने भी यह स्वीकार किया कि पुसौर का पानी ठीक नहीं है स्वच्छ पानी के लिए यहां उचित व्यवस्था का होना आवश्यक है।

### 30 हितग्राहियों को दिया गया 11 बोरा 34 किलो पशु पौष्टीक आहार



**सारंगढ़।** उन्नत मादा गौ वत्स पालन योजना अंतर्गत महेंद्र कुमार पाण्डेय उपसंचालक पशुधन विकास विभाग के कुशल प्रबंधन से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के तीनों ब्लॉक के 30 हितग्राहियों को 11 बोरा 34 किलो पशु पौष्टीक आहार प्रदान किया गया, जिससे जनता में हर्ष से व्याप्त है। इसके अलावा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां कृत्रिम गर्भाधान का कार्य नहीं किया जाता वहां पर गिर साहीवाल सांड को प्रदान किया जा रहा है। इससे उस क्षेत्र के किसानों के पशुओं का नस्ल सुधार हो। साथ ही तीन हितग्राहियों को सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बिरसिंगडीह के मंशाराम चौहान, बिलाईगढ़ ब्लॉक के केरीझर सलिहा के जय सिंह नाग और बरमकेला ब्लाक के ग्राम बारादावन के घड़ीलाल पटेल को उन्नत नस्ल का सांड शत प्रतिशत अनुदान निशुल्क दिया गया। लोगों को पशुधन विकास विभाग का लाभ मिल रहा है। पशुधन विकास विभाग का कृत्रिम गर्भाधान सुविधा लगातार जारी है। 12870 गायों और भैंसों का कृत्रिम गर्भाधान हो चुका है जिससे लगभग 3230 मादा वत्स का जन्म हो चुका है। 4 से 24 माह के उन्नत नस्ल के बछिया हेतु संतुलित आहार प्रदाय करने के लिए यह योजना संचालित हैए जिसका अनुमानित लाभ 22500 है। अजजा अजा अपि सामान्य इकाई लागत रूपए 19500 हैं, जिसमें अजजा, अजा अनुदान राशि 18000, 90 प्रतिशत है। हितग्राही अंशदान राशि 1500 रुपए 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग अनुदान राशि 15000/ 75 प्रतिशत, अंशदान राशि 4500/ 25 प्रतिशत है। पशुपालक को लाभ के लिए प्रतिवर्ष पास के पशु चिकित्सालय, औषधालय में, आवेदन फार्म, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति संबंधी दस्तावेज जमा करना होगा। उल्लेखनीय है किए उन्नत मादा वत्स योजना पशुधन विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य भारतीय देशी नस्ल के गौवंश को बढ़ावा देना और पशुपालकों को प्रोत्साहित करना है।

## निधन

### बिल्ठी राम आदित्य

**कोसीर।** जिला मुख्यालय सारंगढ़ के कोसीर मुख्यालय के जनकवि नीलम आदित्य के पिता



बिल्ठी राम आदित्य नहीं रहे। कोसीर मुख्यालय के कहरा पारा निवासी स्वर्गीय किरित राम आदित्य के पुत्र बिल्ठी राम अब नहीं रहे वे लगभग 98 वर्ष के रहे। उनका आकस्मिक निधन हो गया। आदित्य अपने समाज के सबसे वरिष्ठ रहे। वे सरल सहज व्यक्तिव के धनी थे। धार्मिक विचार से ओत प्रोत रहे। उनके निधन पर परिवार और गांव के गणमान्य जन ने श्रद्धांजलि दी। वही नीलम आदित्य के उनके करीबी मित्र अधिवक्ता पोलेश्वर बनज, लक्ष्मीनारायण लहरे, साधु राम लहरे उपस्थित होकर शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक व्यक्त करते अपनी श्रद्धांजलि दिए।

### सेजेस रायकेरा स्वच्छता, हरियाली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आदर्श केंद्र

# राष्ट्रीय स्तर स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए राज्य स्तरीय टीम ने किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सेजेस रायकेरा में भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार योजना के अंतर्गत 16 दिसंबर को राज्य एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा भौतिक सत्यापन एवं मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की स्वच्छता, हरित वातावरण, अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता की सभी सदस्यों द्वारा मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई।

मूल्यांकन के दौरान राज्य स्तरीय टीम के सदस्य वासुदेव बनमली प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी, स्वच्छ विद्यालय गौरेला पेंड्रा मरवाही, सूरज सिंह बिसेन प्राचार्य, गौरेला पेंड्रा मरवाही, राज्य निरीक्षण दल सदस्य तथा जिला स्तरीय टीम के सदस्य आलोक स्वर्णकार जिला मिशन समन्वयक, रायगढ़ भूपेंद्र कुमार पटेल सहायक परियोजना समन्वयक, रायगढ़ अभय कुमार पांडेय सहायक परियोजना समन्वयक, रायगढ़ संतोष कुमार सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी, घरघोड़ा अखिलेश कुमार यादव सीनियर प्रोग्रामर, समग्र शिक्षा रायगढ़ द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जिला डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि विद्यालय में शासन की सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक सुचारू रूप से पहुँच रहा है। ऐसे सुव्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में बच्चों का मनोबल और प्रेरणा



स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। टॉपर्स की सूची में प्रत्येक विद्यार्थी अपना स्थान प्राप्त करें और विद्यालय की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था का उत्तरदायित्व अपने ऊपर महसूस करें। यह विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अवार्ड से पहले ही उत्कृष्टता के लिए पहचाना जा चुका है।

विद्यालय के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति शाखा एस के कर्ण ने सभी अतिथियों, राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मिशन परीक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पेन देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षण दल एवं अतिथियों ने विद्यालय के हरा भरा परिसर, सुव्यवस्थित ग्राउंड, विविध प्रजातियों के पौधेए स्वच्छता और शैक्षणिक अनुशासन की राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय टीम ने सराहना की। डीएमसी आलोक स्वर्णकार द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्विद्यालय में शासन की सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक सुचारू रूप से पहुँच रहा है। ऐसे सुव्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में बच्चों का मनोबल और प्रेरणा स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। टॉपर्स की सूची में प्रत्येक विद्यार्थी अपना स्थान प्राप्त करें और विद्यालय की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था का उत्तरदायित्व अपने ऊपर महसूस करें। यह विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अवार्ड से पहले ही उत्कृष्टता के लिए पहचाना जा चुका है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी घरघोड़ा संतोष कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे प्राचार्य वास्तव में सौभाग्यशाली संस्थाओं को मिलते हैंए जो विद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए सतत प्रयास करते हैं। सभी प्राचार्यों से अपील है कि वे सेजेस रायकेरा का भ्रमण अवश्य करें और इसकी व्यवस्थाओं को देखकर अनुसरण करें। वरिष्ठ व्याख्याता रामकुमार पटेल ने सभी अतिथियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। पूरे विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों और निरीक्षण दल के सदस्यों का हृदय से अभिनंदन और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के नोडल अधिकारी वीर सिंह ने मंच संचालन किया और विद्यालय में बिताए हुए पल को साझा करते हुए कहा कि यह विद्यालय निरंतर प्रगति की और आगे बढ़ता गया इसका मुख्य कारण प्राचार्य की दूरदर्शी सोच प्लानिंग और सभी स्टाफ की समर्पित भावना से ही विद्यालय आज पूरे जिले में एक रोल मॉडल की तरह कार्य कर रहा है।

#### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

वरिष्ठ व्याख्याता अल्मा सोरेंग, दिव्या माधुरी तिग्गा, खेम सिंह राठिया, गोकुल कुमार नायक, कु. तनुजा यादव, टिकेश प्रधान, दिनेश्वर प्रसाद कुर्रे, कु. श्वेता तिर्की, पद्मावती चेचाम, दशरथ साव, उत्तम नगेसिया, विजय साहू, दयासागर देहरी, मुरलीधर साहू, हितेश्वर कुमार निषाद, जग्गू राठिया, ललित सिदार, सेजेस रायकेरा आज स्वच्छता, हरित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समन्वय से जिले और संभाग के लिए आदर्श एवं रोल मॉडल विद्यालय के रूप में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है।

## लांजीबैरना में जबरन भूमि अधिग्रहण से लोगों में रोष

**सुंदरगढ़।** डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड द्वारा लांजीबैरना क्षेत्र में कथित रूप से किए जा रहे जबरन भूमि अधिग्रहण के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन अब निर्णायक चरण में प्रवेश करता दिख रहा है। अपनी पुश्तैनी जमीन, जंगल और आजीविका की रक्षा के लिए संघर्षरत ग्रामीणों को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजकुमार यादव ने इस आंदोलन को खुला और सशक्त समर्थन देने की घोषणा की है।

डॉ. राजकुमार यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्विकास के नाम पर किसानोंए आदिवासियों और ग्रामीणों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन और शासन प्रशासन के कुछ हिस्सों की कथित मिलीभगत से ग्रामीणों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की कोशिश की जा रही है, जो न केवल संविधान और भूमि अधिग्रहण कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक न्याय की मूल भावना के भी खिलाफ है।

#### जमीन नहीं तो जीवन नहीं आंदोलनकारियों की हुंकार

आंदोलन में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, वही उनकी आजीविका, सामाजिक पहचान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का आधार है। उनका आरोप है कि न तो ग्रामसभा की पारदर्शी और स्वतंत्र सहमति ली गई है और न ही उचित मुआवजा, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की कोई ठोस योजना सामने रखी गई है। आंदोलन में महिलाओंए युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी ने इसे व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया है, जिससे क्षेत्र में जनआक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

#### आंदोलन को दबाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

डॉ. यादव ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण जनआंदोलन को कुचलने या ग्रामीणों पर किसी भी प्रकार का दबाव बनाने की कोशिश को एनसीपी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

#### एनसीपी की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं

1. भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।
2. ग्रामसभा की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी सहमति सुनिश्चित की जाए।
3. प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार की ठोस गारंटी दी जाए। तथा पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए।

#### जनहित में संघर्ष जारी रहेगा

एनसीपी ने स्पष्ट किया है कि पार्टी कॉरपोरेट दबाव के आगे झुकने वाली नहीं है और लांजीबैरना के ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि श्यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि सम्मान, अस्तित्व और न्याय की है और इस संघर्ष में जनता की जीत सुनिश्चित है।

## भाजयुमो अध्यक्ष आलोक पटेल की पहल रंग लाई माण्ड व्यपवर्तन योजना को 5258 लाख की मंजूरी



**चंद्रपुर।** जिला भाजयुमो अध्यक्ष आलोक पटेल के सतत प्रयासों से माण्ड व्यपवर्तन योजना हेतु 5258.30 लाख रुपए की बड़ी प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस संबंध में आदेश जारी होते ही क्षेत्र के किसानों में हर्ष का माहौल है। योजना के पूर्ण होने पर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों के खेतों तक सिंचाई जल आसानी से पहुंच सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन को नया संबल मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत ग्राम चंद्रपुर, कांशीडीह, कुंदुझांझ, मिरौनी, हरदी, गोपालपुर, बरहागुड़ा, सिरौली, मड़वा, बोरसी, राधापुर, नावापारा, डोमनपुर, अमलडीहा, खोरसिया, पेंडरवा, लटेसरा, बगरेल, सपोस, बारापीपर, मेढापाली, परसापाली, सुरसी, साल्हे, मुक्ता, रेडा, किरारी, तुलसीडीह, छवरीपाली, जवाली, कोसमंदा, धौराभाठा, कटेकोनी, खरकेना, गिरगिरा, बिनौधा, अमलीपाली सहित बिलाईगढ़ क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

योजना की प्रस्तावित रूपांकित सिंचाई क्षमता 3500 हेक्टेयर खरीफ एवं 500 हेक्टेयर रबी फसलए कुल 4000 हेक्टेयर क्षेत्र की है। वर्तमान में पिछले पांच वर्षों में खरीफ की सिंचाई मात्र 1760 हेक्टेयर तथा रबी की 900 हेक्टेयर तक सीमित रही है। इस प्रकार कुल 2240 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की कमी बनी हुई थी, जिसे इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पूरी तरह दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजयुमो अध्यक्ष आलोक पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार बड़े और त्वरित फैसले ले रही है। उन्होंने इस योजना को स्वीकृति दिलाने में विशेष सहयोग के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। आलोक पटेल ने बताया कि 9 दिसंबर को उन्होंने स्वयं वित्त मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग से अवगत कराया था, जिस पर गंभीरता दिखाते हुए मात्र दस दिनों के भीतर इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह निर्णय साबित करता है कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा इस मांग को तत्काल मंजूरी देने की पहल की जिलेभर में सराहना हो रही है। आलोक पटेल ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता की सुविधाओं और किसानों के हितों के लिए वे आगे भी निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## केलो बिहार समिति के सुर्यकुमार पंडा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**पुसौर।** केलोविहार शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण मंडल पंजियन क्रमांक 869 का आठ वर्षों बाद कार्यकारिणी मंडल का चुनाव हुआ है। इस चुनाव में युवा समिति का पैनल विजयी हुआ है। रहवासियों ने सभी पुराने चेहरों को दरकिनार कर दिया है। इस नए कार्यकारिणी के लिए समान्य पुरुष वर्ग से सूर्यकुमार पंडा, नन्दकिशोर सतपथी, प्रदीप चौबे, चित्रसेन पटेल तथा संजीव सेठी विजयी हुए हैं समान्य महिला वर्ग से श्रीमती कुसुम मिश्रा पर लोगों ने भरोसा जताया है। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग पुरुष में किंकर प्रसाद चौधरी, कबीर पटेल, कन्हैयालाल जलछत्री विजयी हुए हैं। पिछड़ा महिला वर्ग से श्रीमती अनिता नायक और अनुसूचित जाति पुरुष वर्ग से राजकुमार सारथी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इस प्रकार कुल ग्यारह सदस्यों का यह बोर्ड आफ डायरेक्टर्स अपने प्रभाव में आया है। आने वाले समय में केलोविहार एवं प्राचीविहार के विकास की जिम्मेदारी अब इनके कंधो में है। कार्यकारिणी मंडल के चुनाव के बाद अध्यक्ष चुनाव होना था जो बीते दिनांक को संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से सामान्य पुरूश वर्ग में से निर्वाचित सदस्य सुर्य कुमार पंडा को अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। इनके सौम्य व निष्पक्ष मृदु व्यवहार को लेकर ही केलो बिहार वासियों ने अध्यक्ष के तमगा से इन्हे नवाजा है इसलिये यहां के रहवासियों में जिला सहकारिता विभाग में सीईओ रहे रश्मिलाल सहित अन्य प्रभावी लोगों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर इनका सम्मान किया गया और केलो बिहार के रहवासियों के मुलभुत आवश्यकता के मद्देनजर चर्चा भी किया। इस तथ्य पर नव निर्वाचित अध्यक्ष सुर्यकुमार पंडा ने कहा कि सब मिलकर केलो बिहार के विकास के लिए काम करेंगे किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। ज्ञात हो कि सूर्य कुमार पंडा लंबे समय तक अलग अलग क्षेत्र में शिक्षकीय कार्य का निर्वहन किया है इस बिच कहीं इनकी कोई अवहेलना अथवा कर्तव्यहीनता का बोध शिक्षा विभाग अथवा आम जनता को नहीं हुआ बल्कि ये कई स्थलों में पुरस्कृत भी हुए है इनके इस बेदाग छवि को देखते हुए केलो बिहार वासियों ने निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित किया है। इनके अध्यक्ष बनने पर आरण्यक ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी व सदस्यों ने गर्व का अनुभव कर रहा है और संबंधित ग्रुपों में बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## राउरकेला इस्पात संयंत्र में इंडक्शन फर्नेस में सुरक्षित कार्य विषय पर कार्यक्रम



**राउरकेला।** सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के सीपीटीआई में 19 दिसम्बर को परिसंपत्तियों एवं कार्मिकों की सुरक्षा इंडक्शन फर्नेस में सुरक्षित कार्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ओडिशा सरकार के कारखाना एवं बॉयलर निदेशालय, राउरकेला मंडल द्वारा सेल आरएसपी तथा रुंगटा कमंडा स्टील प्लांट के सहयोग से किया गया। कार्यपालक निदेशक खान विकास सीएमएलओ, आरएसपी बिपिन कुमार गिरी ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। मंचासीन अतिथियों में उप निदेशक, कारखाना एवं बॉयलर, ओडिशा सरकारय बिभू प्रसाद, सहायक निदेशक, कारखाना एवं बॉयलर, ओडिशा सरकार के सुवेन्दु शेखर राउत एवं स्वराज त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं, हीरालाल महापात्र शामिल थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में महाप्रबंधक सुरक्षा, अबाकास बेहरा तथा सचिव एनएससी ओडिशा शाखा एम मोहिनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से लगभग 80 प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अपने उद्घाटन संबोधन में गिरी ने इंडक्शन फर्नेस जैसे खतरों से भरे कार्यस्थल में सुरक्षित कार्य पद्धति को सुदृढ़ करने हेतु इस प्रकार के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए कारखाना एवं बॉयलर निदेशालय, ओडिशा सरकार के प्रयासों की सराहना की। बिभू प्रसाद ने ओडिशा में औद्योगिक सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय उपाय अपनाने, कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा व्यापक जागरूकता सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सुवेन्दु शेखर राउत ने उपस्थितजनों का स्वागत किया तथा विभिन्न औद्योगिक सुरक्षा नियमों पर प्रकाश डाला। वहीं स्वराज त्रिपाठी ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। तकनीकी सत्रों का संचालन आरएसपी, ओरिटेक सॉल्यूशंस, महावीर फेरो एलॉयज तथा रुंगटा कमंडा स्टील प्लांट के उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें खतरों की पहचान, जोखिम नियंत्रण उपायों तथा इंडक्शन फर्नेस इकाइयों में सुरक्षित संचालन की सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक एसईडी, सुश्री प्रज्ञा नाथ द्वारा किया गया।

## रैबीज से बचाव को लेकर स्वास्थ्य अमले का एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य शासन के दिशा.निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रेबीज जैसी घातक बीमारी की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम्-सभाकक्ष में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में मेडिकल कॉलेज से डॉ. आनंद मसीह लकड़ाए डॉ. जितेन्द्र नायक तथा पुसौर विकासखंड से डॉ. कलेश्वर राठिया ने चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, औषधि वितरकों फार्मासिस्टों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को रेबीज से बचाव एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी महामारी विशेषज्ञ डॉ. कल्याणी पटेलए रामकुमार जांगड़े, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के जिला डेटा प्रबंधक जानकी देवांगन सहित जिले के समस्त विकासखंडों के प्रतिनिधि



उपस्थित रहे। मास्टर प्रशिक्षकों ने बताया कि रेबीज एक शत प्रतिशत घातक रोग है, किंतु कुत्ता, बंदर, बिल्ली अथवा अन्य जानवरों के काटने के बाद घाव की तत्काल एवं समुचित साफ सफाई, एंटी.रेबीज टीका तथा इम्यूनोग्लोबुलिन का समय पर उपयोग कर इससे शत.प्रतिशत बचाव संभव है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रेबीज रोग के लक्षण, प्राथमिक उपचार, पशु काटने के पश्चात निवारक उपचार, टीकाकरण अनुसूची, दवाइयों का समुचित प्रबंधन, प्रकरण पंजीयन, संदर्भन प्रणाली एवं आंकड़ा प्रविष्टि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान निर्देशित किया गया कि जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर एवं निजी स्वास्थ्य केंद्रों में संस्था प्रमुख द्वारा एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान रिट याचिका सिविल में जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रेबीज टीके की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पशु काटने के प्रत्येक मामले में त्वरित एवं मानक उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय जैसे घेराबंदी, बाउंड्रीवाल, प्रवेश द्वार एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जन जागरूकता एवं सूचनाए शिक्षा एवं संप्रेषण गतिविधियों के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रेबीज रोकथामए कुत्ते के काटने पर प्राथमिक उपचार एवं एंटी रेबीज टीके की उपलब्धता से संबंधित पोस्टर एवं श्रव्य दृश्य सामग्री प्रदर्शित की जा रही है। डॉग बाइट से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1100 का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## निशुल्क सीटीटी महिला नसबंदी अभियान को मिली रफ्तार

**कटेली।** महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार नियोजन को लेकर जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल करते हुए निशुल्क सीटीटी महिला नसबंदी ऑपरेशन अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी रूप से संचालित किया है। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में चल रहे इस अभियान से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई गई यह कार्ययोजना जनहित में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। उनकी दूरदर्शी सोच और सख्त मॉनिटरिंग के चलते अभियान पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रशासनिक स्तर पर बेहतर समन्वय ने स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सहजता से पहुंचाया जा रहा है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय की टीम पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ऑपरेशन से पूर्व जांचए परामर्श, स्वच्छता और ऑपरेशन पश्चात देखभाल तक हर स्तर पर मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यही कारण है कि महिलाओं का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बरमकेला विकासखंड में प्रत्येक सोमवार जांच और मंगलवार को ऑपरेशन, बिलाईगढ़ में बुधवार.गुरुवार तथा सारंगढ़ में शुक्रवार-शनिवार को सेवाएं दी जाएगी हैं। प्रत्येक शिविर में अधिकतम 7 केसों की सीमा तय कर गुणवत्ता और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। यह अभियान न सिर्फ जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण हैए बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकारों को भी मजबूती प्रदान करेगा। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल की सक्रियता, प्रतिबद्धता और जनहितैषी सोच ने इस योजना को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। जिले में यह अभियान स्वास्थ्य प्रशासन की एक सकारात्मक और प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है।

खबर संक्षेप

## आयुर्वेद के प्रति बढ़ रहा लोगों का झुकाव

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. सीएस गौराहा के आदेशनुसार शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के डॉ अजय नायक द्वारा आसपास के क्षेत्र में प्रति माह कम से कम पांच गांव में शिविर लगाकर आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविरों में ज्यादतर वात, उदर, कास, चर्म, बी पीए कमजोरी इत्यादि से पीड़ित रोगी अपना इलाज करवा रहे हैं। डॉ. जागृति पटेल द्वारा शिविर में आए लोगों को जीवन शैली जन्य रोग, आहारविहार, योगासन, स्वछता, नशापान के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। दिसंबर में बालपुर, बोन्दा, बाराडोली, परसापाली, खपरापाली में शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आयुष बुनगा में प्रति माह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिससे आम जनता लाभांवित हो रहे हैं।

निधन...

## कौशल्या देवी

**खरसिया।** खरसिया नगर की प्रतिष्ठित फर्म मुंसी राम श्यामा प्रसाद शर्मा के स्व. श्यामा प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी कौशल्या देवी का निधन 84 वर्ष की उम्र में आज सुबह में हो गया। आप दीपक शर्मा और दिलीप शर्मा की माता जी थी जो अपने पिछे बन्धु बंधुओं नाती पोते सहित भरापुर पूरा परिवार को अपने पीछे छोड़ गई जिनकी अंतिम यात्रा आज 20 दिसम्बर दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे स्थित गुरु द्वारा रोड निवास स्थान से निकलकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाहसंस्कार किया गया। कौशल्या देवी कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा पत्रकार की चाची थी। परमात्मा से विनम्र प्रार्थना है कि पुण्य दिव्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए शांति एवं मोक्ष प्रदान करें।



### मुख्य मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों में ऑटो व मिनी टिप्पर के माध्यम से कचरा संग्रहण किया जा रहा

# निगम कर रहा शहर के कमर्शियल क्षेत्र में रात्रिकालीन डोर टू डोर कचरा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम रायगढ़ द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर एवं दुकानों में पहुंचकर नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग (सेग्रीगेशन) कर के देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे कचरा निर्धारित समय पर नगर निगम के वाहनों को ही दें तथा सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें।

शहर के व्यावसायिक क्षेत्र में दुकान बंद होने के बाद चौक चौराहे एवं सड़कों पर व्यवसायियों द्वारा कचरा डाल दिया जाता था। इससे सुबह सर को चौक चौराहे हो मैं कचरा बिखरा हुआ मिलता था, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल तो उठाता ही था और यह देखने पर भी राहगीरों को अच्छा नहीं लगता था। इस पर रोक लगाने के लिए ही शहर के चिन्हांकित मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र में रात्रि कालीन कचरा कलेक्शन का कार्य अलग-अलग तीन रूट पर किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा रात 8 बजे से 10 बजे तक शहर के मुख्य मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों में ऑटो व मिनी टिप्पर के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। इसके लिए एक वाहन रूट क्रमांक एक शहीद चौक, सुभाष चौक, गद्दी चौक, हंडी चौक, रामलीला मैदान, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड, लाल टंकी होते हुए निगम कार्यालय तक कचरा कलेक्शन करता है। इसी तरह रूट क्रमांक दो में निगम कार्यालय, सुभाष चौक, बेटी बचाओ चौक, सतीगुड़ी चौक, दशरथ पान ठेला, नटवर स्कूल एवं मार्केट, श्याम टॉकीज, आंबेडकर चौक, आलोक सिटी मॉल, मालधक्का रोड होते हुए पुनः निगम कार्यालय पहुंचता है। इसी तरह तीसरा रूट निगम कार्यालय, कान्हा हॉस्पिटल, कबीर चौक, एफसीआई होते हुए पुनः निगम कार्यालय तक रात में ही दुकानों, ठेला गुमटी एवं व्यावसायिक संस्थानों से कचरा कलेक्शन कार्य किया जा रहा है। वाहनों को निकलते ही वाहनों में लगे लाउडस्पीकर से गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल गाना बजाया जाता है जिसे सुनकर व्यावसायिक संस्थान के कर्मचारी वाहनों में कचरा दे रहे हैं। इससे अब सुबह सड़क एवं मुख्य चौक चौराहों पर कचरा नहीं मिल रहा है। शहर के व्यवसाई एवं शहरवासी निगम प्रशासन के इस कार्य की सराहना भी कर रहे हैं।



### दुकानों में प्लास्टिक उपयोग पर सख्ती

स्वच्छता दीदियों एवं सेंटर सुपरवाइजर द्वारा दुकानों में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी जा रही है। व्यापारियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने, कचरा अलग-अलग रखने एवं स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए समझाइश देते हुए इस संबंध की जानकारी दुकानों में पम्पलेट चिपकाए जा रहे हैं। इसी तरह स्वच्छता दीदियों द्वारा सभी वार्डों में डोर टू डोर पम्पलेट का वितरण भी किया जा रहा है। इसमें नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।

### जनसहयोग से ही रायगढ़ बढ़ेगा आगे

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा रायगढ़ को स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम द्वारा हर स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। नागरिक यदि गीला-सूखा कचरा अलग-अलग दें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर दें तो रायगढ़ निश्चित रूप से स्वच्छता की श्रेणी में अग्रणी बनेगा। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा रात्रिकालीन डो टू डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाया गया है। निर्धारित रूट और समय पर कचरा वाहन चल रहे हैं।

## 1 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रायगढ़ जिले में रविवार 21 दिसम्बर से किया जाएगाए जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 लाख 79 हजार 959 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1306 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसम्बर को सुबह जिला एवं विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा चुकी हैं।

■ बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को 22 व 23 दिसम्बर को पिलाई जाएगी दवा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसम्बर रविवार को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बीपी पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में किया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एनएसएस शिविर में 35 बच्चों को मिला ट्रैकसूट

**घरघोड़ा।** डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय, घरघोड़ा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के अंतर्गत ग्राम कोटरीमाल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर का मुख्य थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरूकता, संवाद और सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया। युवाओं ने नशे से दूर रहकर स्वस्थ समाज निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर घरघोड़ा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। संयोगवश, जिस दिन शिविर आयोजित हुआ, उसी दिन उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी का जन्मदिन भी था, जिसे उन्होंने सेवा दिवस के रूप में मनाया। ठंड के मौसम को देखते हुए अमित त्रिपाठी ने शिविर में उपस्थित 35 जरूरतमंद बच्चों को ट्रैकसूट वितरित किए। इस मानवीय पहल से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी।

## खरसिया में होगा हिंदू सम्मेलन, धर्म संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संदेश

**खरसिया।** सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन समिति जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में खरसिया नगर में भव्य शिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 3 बजे से शिव हनुमान मंदिर प्रांगण, जवाहर कॉलोनी, खरसिया में आयोजित होगा। हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा बताया गया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य समाज को धर्म, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए श्धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो और विश्व का कल्याण होश के भाव को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही भारत माता की जय का उद्घोष पूरे विश्व में गूंजे, इसी संकल्प के साथ यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्वान वक्ताओं द्वारा सनातन संस्कृति, हिंदू एकता और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार रखे जाएंगे। आयोजन को लेकर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन

**कोसीर।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कोसीर मुख्यालय के समीप ग्राम भाठागाव में बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ दो दिवसीय जयंती कार्यक्रम का आयोजन की गई है, जो कि 23 दिसम्बर से शुरूआत होकर 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा व पंथी पार्टी की नृत्य कला के साथ प्रारंभ होकर पूरे गांव की भ्रमण की जाएगी। वहीं रात्रिकालीन बाहर दूर दराज से आए पंथी नृत्य के दारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम सतनाम सेवा समिति भाठागाव के तत्वावधान में की जा रही है, जिसममें ग्राम सरपंच कविता घनश्याम सूमन, पंचगण एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग है।




TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
जहां आप पायेंगे कम बजट में मनपसंद कार




| Model | Mileage | Owner | Year | Invoice Price | RTO Charges | Insurance | Insurance Validity | On Road Price |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ALTO 800 VXI | 80963 | 1 | 2018 | ₹ 2,01,566 | ₹ 3,434 | ₹ 5,358 | 06-06-2026 | ₹ 2,10,358 |
| TRIBER RXT | 60319 | 1 | 2022 | ₹ 4,22,812 | ₹ 7,188 | ₹ 7,066 | 26-11-2026 | ₹ 4,37,066 |
| BALENO SIGMA | 69322 | 1 | 2021 | ₹ 4,74,023 | ₹ 5,977 | ₹ 9,615 | 27-11-2026 | ₹ 4,89,615 |
| SWIFT VXI | 51919 | 1 | 2018 | ₹ 4,34,133 | ₹ 5,867 | ₹ 0 | 12-02-2026 | ₹ 4,40,000 |
| BALENO DELTA PETROL | 168532 | 1 | 2018 | ₹ 3,23,761 | ₹ 6,239 | ₹ 0 | 31-01-2026 | ₹ 3,30,000 |
| SWIFT VXI | 82392 | 1 | 2018 | ₹ 3,99,133 | ₹ 5,867 | ₹ 0 | 04-03-2026 | ₹ 4,05,000 |
| BOLERO SLX | 119481 | 2 | 2019 | ₹ 3,81,767 | ₹ 8,233 | ₹ 0 | 15-08-2026 | ₹ 3,90,000 |
| RENAULT KIGER RXL | 21398 | 1 | 2021 | ₹ 3,53,460 | ₹ 6,540 | ₹ 6,558 | 26-11-2026 | ₹ 3,66,558 |
| NEW WAGON-R | 80797 | 2 | 2014 | ₹ 1,50,796 | ₹ 4,204 | ₹ 5,595 | 07-09-2026 | ₹ 1,60,595 |
| DZIRE VXI | 107973 | 2 | 2013 | ₹ 1,94,057 | ₹ 5,943 | ₹ 7,771 | 17-09-2026 | ₹ 2,07,771 |
| BALENO DELTA | 63298 | 1 | 2020 | ₹ 4,33,487 | ₹ 6,513 | ₹ 10,859 | 15-10-2026 | ₹ 4,50,859 |
| ALTO 800 | 76437 | 2 | 2017 | ₹ 1,71,814 | ₹ 3,186 | ₹ 0 | 27-02-2026 | ₹ 1,75,000 |
| NEW WAGON-R | 88484 | 1 | 2011 | ₹ 1,36,110 | ₹ 3,890 | ₹ 0 | 03-06-2026 | ₹ 1,40,000 |
| CELERIO VXI | 66563 | 2 | 2018 | ₹ 2,05,253 | ₹ 4,747 | ₹ 6,284 | 06-10-2026 | ₹ 2,16,284 |
| SWIFT VXI AMT | 32480 | 1 | 2019 | ₹ 4,68,393 | ₹ 6,607 | ₹ 0 | 28-12-2025 | ₹ 4,75,000 |

| Model | Mileage | Owner | Year | Invoice Price | RTO Charges | Insurance | Insurance Validity | On Road Price |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BALENO ALPHA | 66140 | 1 | 2023 | ₹ 6,80,673 | ₹ 9,327 | ₹ 0 | 14-09-2026 | ₹ 6,90,000 |
| CELERIO AMT | 66411 | 2 | 2016 | ₹ 2,04,998 | ₹ 5,002 | ₹ 5,007 | 26-11-2026 | ₹ 2,15,007 |
| ALTO 800 LXI | 52861 | 2 | 2017 | ₹ 1,61,814 | ₹ 3,186 | ₹ 0 | 26-09-2026 | ₹ 1,65,000 |
| BALENO ZETA | 95261 | 1 | 2017 | ₹ 3,83,099 | ₹ 6,901 | ₹ 0 | 06-03-2026 | ₹ 3,90,000 |
| MAHINDRA KUV 100 | 166476 | 1 | 2017 | ₹ 1,23,500 | ₹ 6,500 | ₹ 0 | 18-03-2026 | ₹ 1,30,000 |
| GRAND VITARA SIGMA | 53458 | 1 | 2023 | ₹ 8,19,550 | ₹ 10,450 | ₹ 0 | 02-04-2026 | ₹ 8,30,000 |
| WagonR ZXI | 27206 | 1 | 2021 | ₹ 4,09,046 | ₹ 5,954 | ₹ 0 | 27-10-2026 | ₹ 4,15,000 |
| KIGER RXE | 30480 | 1 | 2023 | ₹ 3,76,500 | ₹ 6,500 | ₹ 0 | 15-12-2026 | ₹ 3,83,000 |
| MARUTI SWIFT ZXI | 78258 | 1 | 2018 | ₹ 3,66,488 | ₹ 6,512 | ₹ 0 | 17-07-2026 | ₹ 3,73,000 |
| HYUNDAI I20 | 68960 | 2 | 2015 | ₹ 2,92,900 | ₹ 7,100 | ₹ 0 | 07-10-2026 | ₹ 3,00,000 |
| CELERIO X ZXI | 64352 | 1 | 2020 | ₹ 2,84,804 | ₹ 5,196 | ₹ 0 | 16-02-2026 | ₹ 2,90,000 |
| V.BREZZA VXI | 75805 | 1 | 2020 | ₹ 6,09,823 | ₹ 8,349 | ₹ 11,828 | 17-02-2026 | ₹ 6,30,000 |
| NEW SWIFT DZIRE | 72738 | 1 | 2016 | ₹ 3,16,171 | ₹ 6,330 | ₹ 7,499 | 09-12-2026 | ₹ 3,30,000 |
| RITZ VXI | 82477 | 1 | 2014 | ₹ 2,12,229 | ₹ 4,771 | ₹ 0 | 28-09-2026 | ₹ 2,17,000 |

SATYA Satya AUTO PVT. LTD.
@SATYAAUTOPVTLTD @SATYA_AUTO_PVT_LTD 9522200998 WWW.SATYAAUTO.COM
CONTACT NO. - 91091 94894
NH-49, ODISHA ROAD, BANJIPALI,
RAIGARH, CHHATTISGARH 496001